'भारत गौरव श्री रामायण यात्रा ट्रेन' प्रभु श्री राम के जीवन-दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगी।

——योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

अग्निवीरों से पहले सेवानिवृत सैनिकों को नौकरियां दें कंपनियां।

——अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक उन्नयन संभव : नड्डा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सेक्टर-21 ए स्थित नोएडा स्टेडियम में योग करते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डा. महेश शर्मा व अन्य (1), ग्रेटर नोएडा के शहीद पथिक स्टेडियम में योग करते जिलाधिकारी सुहास एलवाई, पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह व प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र सिंह (2) और नोएडा सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन में योग करते एनएमसी के अधिकारी व कर्मचारी (3)। फोटो : एसएनबी

नोएडा (एसएनबी)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सेक्टर-21 ए स्थित नोएडा के इंडोर स्टेडियम में नोएडा एंटरप्रिन्योर एसोसिएशन व भारत विकास परिषद की ओर से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शिरकत की। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस का प्रस्ताव दिया जिसे करीब 170 देशों ने समर्थन किया। आज विश्व आठवां योग दिवस मना रहा है, जो 75 हजार स्थानों पर मनाया जा रहा है। पुरातनकाल से योग शरीर, मन व आत्मा की शुद्धि करता है। योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक उन्नयन संभव है। कार्यक्रम में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन कर आयोग्य योग फाउंडेशन के संस्थापक व योग गुरु डॉ. राजेश ने 500 से अधिक लोगों को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में सांसद डा. महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर, विधायक पंकज सिंह, प्राधिकरण सीईओ रितु माहेश्वरी, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हान आदि मौजूद थे। इंडस वैली पब्लिक स्कूल में शिक्षक और छात्रों ने योग किया। योगा टीचर ने उन्हें योग की बारिकियों के बारे में सिखाते हुए योग कराया। स्कूल के योगा शिक्षक सर्वेश उपाध्याय व विद्यार्थी क्रिया माहेश्वरी एवं वसिका आर्या ने योग दिवस प्रोटोकॉल का प्रशक्षिण दिया। प्रधानाचार्य शिखा शर्मा ने योग का महत्व बताया। योगासन स्पोर्ट्स एसोशिएशन के महासचिव अमर चौहान ने सभी को धन्यवाद दिया और आग्रह किया कि हम योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। हमारी सफलता तीन चीजों से मापी जाती हैं। धन, प्रसिद्धी और मन की शांति। धन व प्रसिद्धी पाना आसान है। 'मन की शांति' केवल योग से मिलती है।

ग्रेटर नोएडा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रेटर नोएडा व आसपास के क्षेत्रों कस्बा दादरी, दनकौर, बिलासपुर, जेवर व रबूपुरा में विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयुष विभाग के तत्वावधान में शहर के शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में जिला स्तरीय योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टरों के आरडब्ल्यूए के अलावा शिक्षण संस्थानों में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नरेंद्र भूषण, पुलिस आयुक्त आलोक सिंह, संयुक्त पुलिस आयुक्त लव कुमार, डीएम सुहास एलवाई, सीडीओ अनिल सिंह आदि ने प्रतिभाग किया। योगाभ्यास कार्यक्रम से पूर्व प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दर्शकों को दिखाया गया। इसके अलावा आयुष विभाग के तत्वावधान में बिसरख ब्लॉक प्रांगण, तहसील दादरी प्रांगण एवं जेवर तहसील के प्रांगण में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जेवर हवाई अड्डा की निर्माणाधीन साइट पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने योग किया। एनटीपीसी दादरी में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिला कारागार में योग, ध्यान एवं प्राणायाम का कार्यक्रम कारागार के क्वीड़ास्थल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 1450 बंदियों ने प्रतिभाग किया।

गाजियाबाद। जिले में कई स्थानों पर कई संगठनों व संस्थाओं ने योग कार्यक्रमों का आयोजन किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय प्रताप विहार में त्रिशुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया। वतौर मुख्य अतिथि मौजूद शहर विधायक अतुल गर्ग व महंत नारायण गिरि ने सैकड़ो क्षेत्रवासियों के साथ योग किया। अतुल गर्ग ने कहा कि दीर्घायु व सफलता के लिए योग अतिआवश्यक है। महंत नारायण गिरि ने कहा कि हम सभी को नियमित योग करना चाहिए। इस मौके पर रमेश मंगल ने आसन व प्राणायाम कराए। वहीं स्पर्श सोसायटी ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रामप्रस्था ग्रीन्स वैशाली में कार्यक्रम का आयोजन किया। गोल्फ लिंक्स सोसायटी के तिकोना पार्क में इलीश्वी क्लब और इनरव्हील क्लब गोल्फ लिंक्स ने योग दिवस मनाया।

हापुड़। जनपद में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राष्ट्रीय सैनिक, सामाजिक संस्थाओं के साथ स्कूल कॉलेजों व पुलिस लाइन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगाचार्य ने योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी दीपक भूकर ने कहा कि प्रतिदिन एक घंटा व्यायाम करने से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा दीप तोमर ने योग कराने के बाद बच्चों को बताया कि योग करने का उद्देश्य शरीर को निरोग एवं स्वस्थ रखना, जीवन की भागदौड़ वाली जिंदगी से उबरकर क्रियाकलापों को सुनियोजित व अनुशासित ढंग से करना व्यवहार में परिवर्तन लाना है। राष्ट्रीय सैनिक संस्था की पश्चिमी उप अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया।

गढ़मुक्तेश्वर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर गढ़मुक्तेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर मंडलायुक्त ने कहा कि 'जहां योग है वहां निरोग है'। भारत के प्राचीनतम विज्ञान को आज दुनिया ने भी अपना लिया है। जनपद हापुड़ का मुख्य कार्यक्रम गढ़मुक्तेश्वर में एक पब्लिक स्कूल में किया गया। मंडलायुक्त मेरठ सुरेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी हापुड़ मेघा रूपम, सीडीओ प्रेरणा सिंह, एडीएम श्रद्धा शांडिल्यायन, विधायक हरेन्द्र सिंह तेवतिया, पालिका चेयरमैन सोना सिंह, एसडीएम अरविंद द्विवेदी ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन को भी सुना गया। इस मौके पर अतिथियों एवं अंतरराष्ट्रीय शूटर वयोवृद्ध प्रकाशो देवी, अर्जुन अवार्ड विजेता सतेंद्र कुमार, बॉलीबाल कोच देवेन्द्र सिंह, मिंटू अहलावत, दिव्यांशी, सखावत अली, खेलो इंडिया की विजेता पूजा यादव, शिवदीप बालियान, हृदा यादव तथा 25 हजार पौधे लगाने वाली रिचा सिंह को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा ब्रजघाट के गंगाघाट, सिंभावली के इंटर कॉलेज और बहादुरगढ़ में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मोदीनगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित कर योगाभ्यास किया गया। नगर के मोदी मंदिर परिसर में योग शिविर का आयोजन हुआ। योग शिविर का शुभारंभ भाजपा विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने किया। विधायक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को हर दिन योग के लिए अवश्य करना चाहिए। योग शिविर में एसडीएम शुभांगी शुक्ला, तहसीलदार हरीप्रताप सिंह, पालिका चेयरमैन अशोक महेश्वरी व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल आदि ने भाग लिया। भोजपुर ब्लॉक में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह ने किया। इसके अलावा नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्कूल कॉलेजों में भी योग शिविर आयोजित कर योगाभ्यास कराया गया।

मुरादनगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक फार्म हाउस में आयोजित योग समारोह में मुख्य अतिथि पालिका चेयरमैन विकास तेवतिया ने कहा योग हमारी पुरातन संस्कृति का अंग है। हमारे ऋषि-मुनियों ने निरोगी जीवन जीने के लिए योग की जरूरत पर बल दिया। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद भारतीय, देवेंद्र गुप्ता, बुद्ध प्रकाश गोयल, शालिनी शर्मा, रूपा रानी त्यागी ने योगासन किए।

साहिबाबाद। हिंडन पार क्षेत्र साहिबाबाद में विश्व योग दिवस पर कई स्थानों पर योग व प्राणायाम किए गए। वैशाली बद्रीनाथ पार्क में बद्रीनाथ वालीबॉल क्लब व उत्तराखंड एकता मंच ने योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। योग गुरु वीएस चौहान, गवर चौहान, गौतम नेगी, एकता मंच के अध्यक्ष धपलियाल, आनंद पवार, सुरेंद्र सिंह, योगेंद्र बिष्ट समेत महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया। श्याम पार्क मेन के रामलीला मैदान में आरएसएस की ओर से योग दिवस कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं बच्चों और युवाओं ने भाग लिया। सतीश सिंह के नेतृत्व में यह योग दिवस संपन्न हुआ। सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड में सीईएल के कर्मचियोगियों को योग और प्राणायाम कराया।

लोनी। विश्व योग दिवस के मौके पर मंगलवार सुबह लोनी इंटर कॉलेज परिसर सपत कई स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर योग के फायदे बताए गए। इस मौके पर विधायक नन्दकिशोर गुर्जर, भाजपा नेता ईश्वर मावी, धजेय खारी, राजेन्द्र वाल्मीकी, रामकुमार त्यागी, संगीता ठाकुर, डॉ. प्रमेन्द्र जांगड़ा के अलावा नगर पालिका चेयरमैन रंजीता धामा व मनोज धामा मौजूद थे।

'मानवता के लिए योग' थीम पर उत्साह से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

गाजियाबाद (एसएनबी)। योग दिवस पर मंगलवार को गाजियाबाद में आयोजित 'मानवता के लिए योग' थीम पर 'आष्टम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2022' के भव्य कार्यक्रम में लोगों ने उत्साह व उमंग के साथ भाग लिया। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में डासना के आध्यात्मिक नगर स्थित आईएमएस कैंपस में हुए कार्यक्रम में स्कूली बच्चे, पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुईं। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद किसी कारणवश कार्यक्रम में नहीं आ सके। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, नोएडा अथॉरिटी की सीईओ रितु माहेश्वरी, जिलाधिकारी राकेश सिंह व सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया। इसके बाद कर्नाटक के मैसूर में हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। योग प्रशिक्षक नीरज योगी व उनकी टीम ने योगासन करण। कार्यक्रम में विभिन्न शक्ति विकासक क्रियाओं, योगासनों, विभिन्न प्राणायाम क्रियाओं को कराने के साथ प्रतिदिन योगाभ्यास का संकल्प भी दिलाया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

लाखों लोगों ने किया योग व प्राणायाम का अभ्यास

लोगों ने देखा पीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण

आईएमएस यूनिवर्सिटी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पूरा विश्व योगमय है। भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में योग को लेकर कार्यक्रम हो रहे हैं। नोएडा अथॉरिटी की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा कि योग को लोग अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। जो लोग योग नहीं करते वे आज से दृढ़ संकल्प के साथ योग की शुरुआत करें। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि योग दिवस पर स्कूलों, कॉलेजों में विद्यार्थियों, इंडस्ट्री में अधिकारियों व कर्मचारियों ने योग किया। ग्रामीण क्षेत्र में भी ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर पर भी योग कार्यक्रम किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी. ने कहा कि योग करना निरोग रहने का संदेश देता है। मानसिक और शारीरिक रूप से स्वास्थ्य रहना योग द्वारा सम्भव है। मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि आज योग काफी जरूरी है।

गाजियाबाद में मिले कोरोना संक्रमण के 55 नए केस

गाजियाबाद (एसएनबी)। जिले में कोरोना संक्रमण निरंतर बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 55 नए केस सामने आए हैं। बीते 24 घंटों के दौरान 52 कोरोना संक्रमित रोगी कोरोना मुक्त हुए। अब गाजियाबाद जिले में सक्रिय संक्रमित रोगियों की संख्या 317 है। बीते 24 घंटे में सामने आए नए संक्रमितों में 12 वर्ष से कम आयु के दो, जबकि 13 से 20 वर्ष आयु वर्ग के तीन, 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के 23 तथा 41 से 60 आयु वर्ग के 22 व्यक्ति हैं। वहीं 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के भी पांच संक्रमित मिले हैं। डीएसओ डा. राकेश गुप्ता के अनुसार जिले में जून में अब तक कोरोना संक्रमण के 582 मामले सामने आए हैं। मई में कोरोना संक्रमण के 938 मामले सामने आए थे। अप्रैल में कोरोना संक्रमण के 789 मामले थे। मार्च में कोरोना के मात्र 195 केस मिले थे। उससे पहले फरवरी में कोरोना संक्रमण के 1700 और जनवरी में कोरोना के कुल 27000 से अधिक नए केस सामने आए थे। डीएसओ के अनुसार अब तक जिले में मिल चुके कुल संक्रमितों की संख्या 87186 हो चुकी है।

भाकियू अंबावता का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर हल्ला बोल प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा (एसएनबी)। भारतीय किसान यूनियन अंबावता के कार्यकर्ताओं ने बैठक के किसानों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर प्रदर्शन किया। इसका नेतृत्व संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रताप नागर के किया। संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी आलोक नागर का कहना है कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। प्राधिकरण अधिकारियों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि रेफ्ट्रर समेत कई गांवों के किसानों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद भी बढ़ा हुआ मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और किसानों के बीच नोकझोंक हो गई। प्रदर्शनकारियों के रोष को देखते हुए किसानों के 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता प्राधिकरण कार्यालय में एसीईओ दीपचंद, ओएसडी सचिन कुमार, एसीपी पीपी सिंह व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। एसीईओ दीपचंद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन जरूर किया जाएगा। दस दिन के अंदर किसानों का बढ़ा हुआ मुआवजे की समस्या पर काम शुरू हो जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता वृजेश भाटी ने बताया कि कई मुद्दों पर सहमति बनी है। इस मौके पर डॉ. विकास प्रधान, कृष्ण नागर, राजेंद्र नागर, बिहारी भाटी, प्रताप नागर, रविंद्र प्रधान, ओमवीर बीडीसी, राजकुमार भाटी आदि मौजूद थे।

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that my client Smt. Manju Aggarwal W/o Late Sh. Satya Mitra Garg R/o. C-411 Millennium Appartment, Sector-18, Rohini, Delhi-89 has legally adopted her real Sister's (Smt. Babita Aggarwal W/o Sh. Pankaj Aggarwal R/o C-472 Millennium Appartment, Sector-18, Rohini, Delhi-89) Son named Master Mihir Aggarwal (D.O.B. - 31.01.2010) adopted on 17.10.2021 after performing a formal adoption ceremony. That Smt. Manju Aggarwal now shall be treated as his natural parent from the date of this adoption and she shall be solely responsible for all the rights and obligations of her adopted son Master Mihir Aggarwal.

Sachin Kumar (Advocate)
RU-6, Pitampura, Delhi

उ. प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि.

ई-निविदा आमंत्रण सूचना : अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं से निम्नलिखित ई-निविदा दो भागों में निर्धारित दिनांक को 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। आमंत्रित ई-निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in and www.upptcl.org पर तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/ तिथि विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक लीन ऑन कर्ड। निविदा सन्दर्भ सं., कार्य/सामग्री का संक्षिप्त विवरण, अवासवीय कर सहित निविदा शुल्क (मिशु), धरोहर राशि (धरा), का विवरण निम्नवत है:- 1- अति अल्प कालीन ई- निविदा संख्या- टी-33/ ईटीसी/जीजैडबी/22-23: विद्युत पारेषण खण्ड-मुरादनगर के अन्तर्गत 220 के.वी. उपकेन्द्र फरीदनगर पर खराब 60 एम.वी.ए. ट्रांसफार्मर के डिस्मैन्टलिंग सम्बन्धी कार्य, धरा- 3000/-, मिशु-590/-, खुलने का दिनांक : 27.06.2022, 2- अल्प कालीन ई- निविदा संख्या- टी-33/ ईटीसी/जीजैडबी/ 2022-23: विद्युत पारेषण खण्ड-प्रयाग गाजियाबाद के अन्तर्गत 220 के.वी. उपकेन्द्र साहिबाबाद पर ओवि सम्बन्धी कार्य, धरा-2000/-, मिशु-590/-, खुलने का दिनांक: 05.07.2022. **''राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं''** अपीलेश्वर अधिकता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि.,132 के.वी. उपकेन्द्र लाल कुआं, बुलन्दशहर रोड, गाजियाबाद। पत्रांक: 742/ विपामण्ड/निविदा विज्ञापन/2022-23 , दिनांक:-21.06.2022

रेल पहिया कारखाना/बेला
(जिला-सारण), बिहार-841221

ई-निविदा सूचना सं. 03/रेपका-ई/जी./2022-23/(उच्छ टैंड)/(खुला) दिनांक 16/06/2022 उप मुख्य इंजीनियर/ रेपका/बेला भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए **ऑनलाइन 'खुली ई-निविदा** सूचना' भारतीय रेलवे ई-प्रोकयोरमेंट पोर्टल (आई आर ई पी) एस **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करती है :- **1. कार्य का नाम, स्थान, अनुमानित लागत, अग्रधन जमा राशि एवं कार्य की पूरा करने का समय-शिथिल ब्ल.** -1. रेपका-ई/जी.22.23 उच्छ टैंड खुली **कार्य का नाम-**रेल पहिया कारखाना, बेला में पीजीसीआरएम के प्रावधान सहित के विकास का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत-** रु. 60,14,534/- **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :-** रु.0.00 **अग्रधन जमा राशि-** रु. 1,20,300/- **कार्य पूर्णता की अवधि-**06 महीना **निविदा सं.**-12 रेपका-ई/जी.22.23 उच्छ टैंड खुली **कार्य का नाम-** रेल पहिया कारखाना, बेला में पार्किंग शेड के पर्दे में अतिरिक्त लोहे सरिकेन एरिया का शेष कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत-** रु. 80,71,053/- **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :-** रु.0.00 **अग्रधन जमा राशि-** रु. 1,61,400/- **कार्य की पूरा करने का समय :-** 0 8 मा हीने **निविदा सं.**-13 रेपका-ई/जी.22.23 उच्छ टैंड खुली **कार्य का नाम:-** रेपका/बेला के सभी हॉस्टलों/क्वार्टरों के बी वार्ड और कटीन, लंदर का वाश एरिया एवं पेट का प्रावधान पी.ओ.एस. वार्ड, रिजर्वाशन वार्ड, वार्ड नंबर-4 एवं टी.आर एस में क्लीनरूम ए सी सीट के बदलने का कार्य तथा स्टेट ब्रीथ के कई पर्यावरण एनिमल एवं कॉलम XB-17 से XB-27 के बीच क्लिनरूम नाले की मरम्मत का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत-** रु. 53,22,457/- **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :-** रु.0.00 **अग्रधन जमा राशि-** रु.1,04,500/- **कार्य पूर्णता की अवधि-**07 महीना **निविदा सं.**-14 रेपका-ई/जी.22.23 उच्छ टैंड खुली **कार्य का नाम-** रेल पहिया कारखाना, बेला में **AHP और SPG** क्षेत्र में WFPS एवं Mould शॉप के क्लिनरूम वर्क के मरम्मत के साथ साथ सतह को एक समान पर रखने के लिए कंक्रीट की वर्क एवं MS फ्रेंच का प्रावधान करना। **कार्य की अनुमानित लागत-** रु. 77,34,988/- **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य-** रु.0.00 **अग्रधन जमा राशि-** रु.1,54,700/- **कार्य पूर्णता की अवधि-**06 महीना **निविदा सं.**- 15 रेपका-ई/जी.22.23 उच्छ टैंड खुली **कार्य का नाम:-** रेल पहिया कारखाना, बेला के विद्या एक्ट में पोस्टग्रेजुएट से मेडल शीप विद्या कोटाना XA/16 से XA/34 तक ट्रॉफ्स संरचना के सामरिक पेंटिंग का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत-** रु. 50,29,900/- **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य-** रु.0.00 **अग्रधन जमा राशि-** रु.1,00,600/- **कार्य पूर्णता की अवधि-**04 महीना **निविदा सं.**- 16 रेपका-ई/जी.22.23 उच्छ टैंड खुली **कार्य का नाम-** रेल पहिया कारखाना, बेला के एयरा फर्नेस में EAF "C" से LPH बॉस्केटिंग M. F. सीवी. LVBD-2 VLT-19 एवं 20 एवं सी.आर. WPPS में वॉल्टेज स्टेशन के DF मार्किंग के साथ पॉवर बैक का कार्य तथा मार्किंग पाइपस एवं स्कीन स्क्रीन का उपयोग करते हुए सुनिश्चित करने के लिए तथा अन्य विविध कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत-** रु. 58,27,577/- **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :-** रु.0.00 **अग्रधन जमा राशि-** रु.1,16,500/- **कार्य पूर्णता की अवधि-**06 महीना **निविदा कम होने की तिथि एवं समय** 20.07.2022 को 12.30 बजे तक। वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहाँ से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है उपरोक्त निविदा का विवरण एवं समय तक ही जमा की जा सकेगी। निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु **आई.आर.ई.पी.एस** के आधिकारिक वेबसाइट आदि **www.ireps.gov.in** में उपलब्ध है। निविदा प्रस्तुत करने वाली भारी कम्पनी/एजेंसी को कार्य की निविदाओं के संबंध में सूचि-पत्र संबंधित अनुभाग जानकारी प्राप्त करने के लिए आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है. क्योंकि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी।

उप मुख्य इंजीनियर, रेल पहिया कारखाना, बेला
आर.क्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ई.बी.पी.टी./2022-23/28

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.स.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	06225079	स्क्वायर होलो सेक्शन	160000 किग्रा	14.07.22
02	06221109	एम.एस. राउण्ड 32 एम एम	55419 किग्रा	14.07.22
03	19220511A	हॉल ब्रैकेट एक्टिव स्पीड सैन्सर	96 नग	15.07.22
04	07211818A	पिन फॉर ब्रेक पेड होल्डर	10831 नग	18.07.22
05	09222136	कोपलेर बॉडी विद शनक बियर	237 नग	25.07.22
06	19220839	ए.ओ.एच/टी.ओ.एच डिस्क	452 सेट	25.07.22
07	19222256	केबल हैड टरमीनशैन सिस्टम	13 नग	01.08.22
08	09222056	बोल्टर बॉटम गस्केट	1891 नग	04.08.22
09	01221815	कम्पोसिट ब्रेकिट इन्सुलेटर	2880 नग	05.09.22

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 22/2022-2023 दिनांक 21.06.2022 1512/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कराने के साथ

सम्भागीय कार्यालय-उपनिदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
ए-3, दामोदर कॉलोनी, गढ़रोड, मेरठ

पत्रांक : नि.ख.मेरठ/2022-357 दिनांक : 21.06.2022

नीलामी सूचना

निर्माण खण्ड, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र. मेरठ कार्यालय में विभागीय वाहन संख्या यू.पी. 32 डी.वाई. 9642 जैसी है. जहां है, की स्थिति में नीलामी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 06.07.2022 को अपराह्न 1.00 बजे की जायेगी। इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों से अपेक्षा है कि उक्त दिवस में बोली से पूर्व 12:00 बजे तक अपने आवेदन पत्र के उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद उ.प्र., मेरठ के नाम बन्धक राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर. जमानत धनराशि के रूप में रु. 10,000.00 (रु. दस हजार मात्र) की जमा करनी होगी। उसके बाद ही बोली में भाग ले सकेंगे उच्चतम बोलीदाता को उच्चतम बोली की धनराशि के अतिरिक्त नियमानुसार सभी कर देने होंगे। बिना कारण बताये उच्च बोली अथवा समस्त बोलियों को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। शेष नियम व शर्तें कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

पत्रांक: नि.ख.मेरठ/2022-358 दिनांक : 21.06.2022 **उपनिदेशक (निर्माण)**

कार्यालय नगर निगम (कोटा उत्तर) (राज.)

क्रमांक : नगिकोउ/निर्माण/2022-23/469-480 दिनांक : 20.06.2022

ई-निविदा सूचना संख्या- 06/2022-23

नगर निगम कोटा द्वारा विभिन्न राजकीय अभियांत्रिकी विभागों के पंजीकृत ''A'', ''AA'' श्रेणी एवं नगर निगम कोटा में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा कुल 10 कार्य हेतु ई-निविदा सूचना संख्या -06/2022-23 से सम्बन्धित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यों का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम की वेबसाइट www.kotamc.org., http://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। UBN No. DLB2223A2484

UBN No. 1. DLB2223WSRC08862 2. DLB2223WSRC08863
3. DLB2223WSRC08865 4. DLB2223WSRC08866
5. DLB2223WSRC08867 6. DLB2223WSRC08871
7. DLB2223WSRC08872 8. DLB2223WSRC08874
9. DLB2223WSRC08876 10. DLB2223WSRC08878

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम कोटा उत्तर

क्रमांक : विज्ञा./पुस./नगि(उ.)को/2022-23/N-61 दिनांक : 20.06.2022

गुमशुदा/अपहृत की तलाश



रोहित

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़के जिसका नाम **रोहित पुत्र, भारत, पता** मकान नं. 240, बलवीर विहार, किराड़ी सूलेमान नगर, दिल्ली, जो दिनांक 04.06.2022 थाना क्षेत्र अमन विहार से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में **डीडी नं 122ए दिनांक 05.06.2022** थाना अमन विहार, दिल्ली में गुमशुदगी दर्ज है।

गुमशुदा लडके का ब्यौरा इस प्रकार है :

नाम : रोहित, **पिता का नाम** : भारत, **उम्र** : 19 साल, **कद** : 5 फुट 7 इंच, **रंग** : गोरा, **चेहरा** : लम्बा, **पहनावा** : जिसने काले रंग का जीन्स और लाल रंग का टी–शर्ट पहने हुए है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641
DP/1611/RD/2022

थानाध्यक्ष
थाना : अमन विहार, दिल्ली
फोन : 011-27581812
7065036123

जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड

सीआईएन : L74899UP1995PLC043677
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट एच, सेक्टर 16ए, नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश
कॉरपोरेट कार्यालय: 5वां तल, टॉवर डी, लॉजिक्स टैक्नो पार्क, सेक्टर 127, नोएडा–201304, उत्तर प्रदेश
फोन : +91-120-4090500, फैक्स : +91-120-4090599
**वेबसाइट : www.jubilantfoodworks.com, ईमेल: investor@j